य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 68 | अंक 289 | पृष्ठ 20 | मूल्य 4.50 | **जयपुर, सोमवार, 25 दिसम्बर, 2023** | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी-पूर्णिमा संवत् 2080

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

सप्ताह की शुरुआत प्रेरक विचारों के साथ, जो जीवन में भरेंगे नई ऊर्जा और जोश

राजस्थान पत्रिका

प्रेरणा
लक्ष्य के लिए की गई मेहनत कभी थकान नहीं लाती, संतोष लेकर आती है।

अटल बिहारी वाजपेयी
पूर्व प्रधानमंत्री

आज अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है।

मंडे मोटिवेशन
MONDAY MOTIVATION

जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते अटल बिहारी वाजपेयी के ये विचार

1 सपने देखो। **सपने विचारों में बदल जाते हैं** और विचार कार्य में परिणित होते हैं।

2 विजय और **विफलता जीवन के अपरिहार्य हिस्से हैं** जिन्हें शालीनता से स्वीकार किया जाना चाहिए।

3 **व्यक्ति को सशक्त बनाना देश को सशक्त** बनाना है।

4 छोटे मन से कोई बड़ा नहीं हो सकता, **टूटे मन से कोई खड़ा नहीं हो सकता।**

भारतीय वैज्ञानिकों ने विश्व में राष्ट्र का परचम फहराया: दिया कुमारी

जयपुर @ पत्रिका. सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान ने विज्ञान भारती राजस्थान और सुबोध पब्लिक स्कूल सांगानेर के सहयोग से आईआईएसएफ-2023 आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दिया कुमारी ने कहा कि भारतीय विज्ञान और वैज्ञानिकों ने विश्व में राष्ट्र का परचम फहराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन और आईआईएसएफ जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को विज्ञान की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

संस्थान के निदेशक डॉ.पी.सी. पंचारिया ने शोध गतिविधियों एवं उपलब्धियां की जानकारी दी। डॉ. मेघंद्र शर्मा, डॉ. ब्रजेश पांडे, प्रो. बी.आर. गुर्जर, डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए। नोडल अधिकारी डॉ. विजय चटर्जी ने आउटरीच के आयोजन के महत्व के बारे में अवगत कराया। आयोजन के दौरान सीएसआईआर-सीईईआरआई के वैज्ञानिकों ने अनेक टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन भी किया।

नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी देते सीएसआईआर के वैज्ञानिक।